**Statement**

*Milk Production—1997-98 (Provisional)* (000 Tonnes)

| | States | Milk (00QMT) |
|---|---|---|
| 1 | Andhra Pradesh | 4510 |
| 2 | Arunachal Pradesh | 44 |
| 3 | Assam | 775 |
| 4 | Bihar | 3475 |
| 5 | Goa | 39 |
| 6 | Gujarat | 4860 |
| 7 | Haryana | 4082 |
| 8 | Himachal Pradesh | 707 |
| 9 | Jammu & Kashmir | 938 |
| 10 | Karnataka | 3697 |
| 11 | Kerala | 2348 |
| 12 | Madhya Pradesh | 5378 |
| 13 | Maharashtra | 5193 |
| 14 | Manipur | 62 |
| 15 | Meghalaya | 59 |
| 16 | Mizoram | 20 |
| 17 | Nagaland | 46 |
| 18 | Orissa | 670 |
| 19 | Punjab | 7350 |
| 20 | Rajasthan | 5500 |
| 21 | Sikkim | 35 |
| 22 | Tamil Nadu | 4000 |
| 23 | Tripura | 47 |
| 24 | Uttar Pradesh | 12934 |
| 25 | West Bengal | 3415 |
| | U.Ts. | |
| 26 | A&N Island | 22 |
| 27 | Chandigarh | 43 |
| 28 | D & N Haveli | 4 |
| 29 | Daman Diu | 1 |
| 30 | Delhi | 266 |
| 31 | Lakshadweep | 1 |
| 32 | Pondicherry | 36.6 |
| | All India | 70557.6 . |

**नेपाल की नदियों के कारण बिहार में क्षति**

2027. **श्री जर्नादन यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बातने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ज्ञात हैं कि ब्रहमपुत्र और नेपाल की अन्य नदियों में वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ आने के कारण उत्तरी बिहार के कई जिलों को जान-माल तथा कराड़ों रुपये की फसलों का नुकसान उठाना पड़ता हैं,

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में नेपाल सरकार के साथ कोई वार्ता की हैं, यदि नहीं, तो क्या सरकार वार्ता करने का विचार रखती हैं, और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल) :** (क) से (ग) सरकार को बरसाब के मौसम में नेपाल से भारत में बहने वाली नदियों से उत्तरी बिहार में बाढ़ के द्वारा हुई क्षमि की जानकारी हैं । बाढ़ नियंत्रण के प्रश्न पर नेपाल के साथ सभी स्तरों पर नियमित बातचीत होती हैं । विशेष रूप से, प्रस्तावति कोसी उच्च बांध परियोजना तथा नेपाल से बिहार राज्य मेंबहने वाली नदियों में बाढ़ नियंत्रण बांधों से संबंधित मामलों को द्विपक्षीय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा हैं । बांध निर्माण समितियों जैसे सांविधिक निकाय भी हैं जो विशेष रूप से नेपाल से भारत में बने वाली चार नदियों (लालबाकेया, कमला, बागमती एवं खाण्डों) पर बाढ़ नियंत्रण उपायों से संबंधित हैं । सरकार की ओर से प्रयास जारी रहेंगे ।

**कृषि का आधुनिकीकरण**

2028. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खाद्यान्न उत्पाद के मामले में प्रत्येक राज्य विशेषकर राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि के अनुधनिकीकरण के लिए विशेष योजनाओं का ब्यौरा क्या हैं,

(ख) राज्यों को सस्ते दामों में उन्नत किस्म के बीजों तथा उर्वरक की यथासमय आपूर्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं,

(ग) क्या उक्त राज्यों में उर्वरकों की खपत और उपलब्धता अन्य राज्यों की तुलना में कहीं कम हैं, और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाए किए गए हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल) :** (क) केन्द्रीय सरकार द्वारा सभी राज्यों में कृषि के विकास के